समाचार

स्वच्छता का महाअभियान

# राताखार व टी.पी.नगर क्षेत्र में किया गया विशेष साफ–सफाई का कार्य

## (विशेष सफाई कार्यो के साथ ही डोर–टू–डोर पहुंची निगम की टीम, लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक, रोटरी क्लब की भी रही सहभागिता)

## (निगम के अधिकारी व रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी स्वच्छता कार्यो में दी सहभागिता, किया सफाई का कार्य)




कोरबा 21 फरवरी 2022 – स्वच्छता महाअभियान के दौरान 19 से 21 फरवरी तक वार्ड क्र. 02 अंतर्गत आने वाले टी.पी.नगर बंगाली चाल, डी.डी.एम. रोड, प्रेस काम्पलेक्स, नया बस स्टैण्ड से होते हुए टी.पी.नगर मेन रोड तक एवं वार्ड क्र. 03 अंतर्गत राताखार, पीपल मोहल्ला, भैंस खटाल बस्ती, राताखार बाईपास रोड होते हुए विभिन्न मोहल्लों में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई, सफाई कार्यो के साथ–साथ घर–घर पहुंचकर बस्तीवासियों को स्वच्छता में सहयोग देने व सफाई कार्यो के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया गया। रोटरी क्लब के सदस्यों ने महाअभियान में आज भी अपनी सहभागिता दी तथा साफ–सफाई व जनजागरूकता संबंधी कार्यो में भागीदारी निभाई।

यहॉ उल्लेखनीय है कि महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 10 फरवरी से 31 मार्च तक निर्धारित कार्ययोजना के तहत कोरबा शहर में स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जा रहा है, अभियान के प्रथम दिवस 10 फरवरी को वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा मुरारका पेट्रोल पम्प ओव्हरब्रिज क्षेत्र तथा अंदर बस्ती में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई थी। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने इस मौके पर स्वयं भी सफाई का कार्य

करते हुए निगम की टीम का उत्साहवर्धन किया था। इसी कड़ी में 19 से 21 फरवरी तक वार्ड क्र. 02 अंतर्गत आने वाले टी.पी.नगर बंगाली चाल, डी.डी.एम. रोड, प्रेस काम्पलेक्स, नया बस स्टैण्ड से होते हुए टी.पी.नगर मेन रोड तक एवं वार्ड क्र. 03 अंतर्गत राताखार, पीपल मोहल्ला, भैंस खटाल बस्ती, राताखार बाईपास रोड होते हुए विभिन्न मोहल्लों में विशेष स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। इस दौरान नालियों की सतह से सफाई, सड़क के किनारे एवं नालियों में उगी घांस, बर्म व झाड़ियों की सफाई, सी.एण्ड डी.वेस्ट का उठाव, उत्सर्जित कचरे व मलवे का तुरंत उठाव व परिवहन सहित अन्य स्वच्छता संबंधी कार्यो को विशेष अभियान के रूप में संपादित कराया गया। वहीं पार्षद रवि चंदेल, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, स्वच्छता निरीक्षक उत्तम दास महंत, विक्रम अग्रवाल व उनकी टीम के सदस्य, राजबहादुर सिंह, विनोद गोंड़, लक्ष्मीकांत जोशी, दीपक लाम्बा, सुनील शर्मा, निकेश भुटानी, अनिल अग्रवाल, मनविंदर भाटिया, सजय अग्रवाल एवं रोटरी क्लब के सदस्यों ने स्वच्छता मित्रों के साथ मिलकर सफाई का कार्य भी किया।

**सफाई व जनजागरूकता कार्य एक साथ–** स्वच्छता महाअभियान के तहत विशेष साफ–सफाई कार्यो के साथ–साथ निगम के अधिकारियों, पी.आई.यू., स्वच्छता कमांडो व रोटरी क्लब के सदस्यों के द्वारा डोर–टू–डोर भ्रमण कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य भी किया गया, टीम के सदस्यों ने घर–घर पहुंचकर बस्तीवासियों से आग्रह किया कि वे घर से निकले हुए कचरे को सड़क, नाली में न डाले, सूखे व गीले कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में रखें तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु आने वाली स्वच्छता दीदियों के रिक्शे में कचरे को डाले तथा अपने बस्ती व शहर की स्वच्छता एवं निगम के सफाई कार्यो में अपना सहयोग दें।

**रोटरी क्लब आज भी बना सहभागी** – स्वयंसेवी संगठन रोटरी क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आज भी निगम के स्वच्छता महाअभियान मे अपनी सक्रिय सहभागिता दी। क्लब के पदाधिकारी पारस जैन, विक्रम अग्रवाल, प्रेम गुप्ता, नितिन चतुर्वेदी, मनीष अग्रवाल, प्रशांत मुरारका, पवन अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने साफ–सफाई कार्यो में हिस्सा लिया, जनजागरूकता टीम के हिस्सा बने तथा डोर–टू–डोर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।